ई–मेल द्वारा प्रेषित

प्रेषक:

प्राचार्य,
रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय,
दल्लावाला, खानपुर (हरिद्वार)।

सेवा में,

संयुक्त निदेशक,
उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तराखण्ड
क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून,
दून विश्वविद्यालय परिसर फैकल्टी लॉज,
देहरादून।

पत्रांक: 31 /2022–23 दिनाँक: 24 अप्रैल, 2023

विषय: नशा मुक्त उत्तराखण्ड अभियान एवं ड्रग फ्री देवभूमि अभियान के तहत अप्रैल 2023 के तहत महाविद्यालय द्वारा गठित एंटी ड्रग सेल द्वारा किए गए कार्यो की समीक्षा के सन्दर्भ मे।

महोदय,

निवेदन यह है कि महाविद्यालय द्वारा गठित एंटी ड्रग सेल के सदस्य श्री संदीप सैनी (व्यापार मंडल) को दिनांक 19.04.2023 को महाविद्यालय परिसर मे आमंत्रित किया गया जिसका मुख्य उददेश्य छात्र–छात्रो को नशे के दुष्परिणाम से जागरूक कराना है उन्होने छात्र–छात्राओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि नशा एक गंभीर बुराई है। नशा एक ऐसी बुराई है जो इंसान को अनमोल जीवन से पहले ही मौत का शिकार बना देती है। नशे के लिए समाज मे शराब, भांग, अफीम, जर्दा, गुटखा और धूमपान (बीडी, सिगरेट सहित हुक्का चिलम) चरस, स्मैक आदि जैसे घातक और विषेली पदार्थो का उपयोग किया जा रहा है। ये नशीले पदार्थ किसी व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक और आर्थिक क्षति के साथ–साथ सामाजिक वातावरण को भी प्रभावित करता है। जैसा कि हम जानते है कि धूमपान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इससे कैंसर और जानलेवा बीमारियां होती हैं और यह चैतावनी सभी तम्बाकू उत्पादों पर अनिवार्य रूप से लिखी जाती है, लगभग सभी को यह पता भी होता है।

हमारे क्षेत्र मे कच्ची शराब के सैवन का प्रचलन जोर शोर से हो रहा है। आजकल नवयुवको में शराब एवं अन्य नशीली पदार्थो का प्रयोग तेजी से हो रहा है। हमें उन्हे समझाने के साथ–साथ जागरूक करने की आवश्यकता है जिससे उनका जीवन स्वस्थ और सुंदर बन सके। नशा मुक्ति के लिए नशा करने वाले व्यक्ति के साथ सहानुभूति का व्यवहार किया जाना चाहिए जिससे कि वह नशा न करने के लिए स्वंयं प्रेरित हो।

जय हिन्द जय भारत

संलग्नक: 1.श्री संदीप सैनी (व्यापार मंडल दल्लावाला) द्वारा छात्र–छात्रो के सम्बोधन की छायाप्रति।

भवदीय,

NDurshah 24.4.23

डॉ0 निवेदिता प्रियदर्शनी
प्रभारी प्राचार्य,
रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय
दल्लावाला, खानपुर (हरिद्वार)

रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय
दल्लावाला- खानपुर, हरिद्वार (उत्तराखण्ड)
नशा मुक्ति अभियान
शिक्षित बनो सफल बनो
GPS Map Camera
Almawala, Uttarakhand, India
Unnamed Road, Almawala, Uttarakhand 251308, India
Lat 29.592239°
Long 77.981933°
19/04/23 12:24 PM GMT +05:30
Google

रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय
दल्लावाला- खानपुर, हरिद्वार (उत्तराखण्ड)
नशा मुक्ति अभियान
विषय :-
शिक्षित बनो सफल बनो
GPS Map Camera
Almawala, Uttarakhand, India
Unnamed Road, Almawala, Uttarakhand 251308, India
Lat 29.592222°
Long 77.981939°
19/04/23 12:24 PM GMT +05:30
Google